आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 28.10.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री मोदी-गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने आज गुजरात के वडोदरा में सी-295 सैन्य विमान के विनिर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। यह भारत में सैन्य विमान के विनिर्माण के लिए निजी क्षेत्र की पहली फाइनल असेम्बली लाइन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स वैश्विक वैमानिकी विनिर्माण में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री न सिर्फ भारत-स्पेन के संबंधों को सशक्त बनायेगी बल्कि मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड मिशन को भी बल देगी।

मंहगाई भत्ता

प्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता-DA चार प्रतिशत बढ़ा दिया है. इस बात की घोषणा करते हुए आज मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि बढ़ोतरी के बाद वर्तमान देय डीए 46 प्रतिशत से बढ़कर 50 फीसदी हो जाएगा। शासकीय सेवकों को इस साल 1 जनवरी की स्थिति में महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत की दर से दिया जायेगा। एरियर का भुगतान भी इसी वित्तीय वर्ष में चार समान किश्तों में किया जायेगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज हासिल करने के लिए कल से देश भर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया जाएगा। सप्ताह का विषय है- राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति। इसे शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। सप्ताह के दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए कई समारोह आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन वाले सप्ताह में किया जाता है।

वोकल फार लोकल

शिवपुरी जिले में इस समय दीपावली की तैयारियां जोर-जोर से जारी हैं। बाजारों में अच्छी खासी रौनक है। इस बीच शिवपुरी जिला प्रशासन ने वोकल फ़ॉर लोकल को बढ़ावा देने की पहल की है। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने एक पत्र जारी किया है इसमें दीपावली पर्व के दौरान ग्रामीण क्षेत्र से शहर में मिट्टी के दीपक बेचने आने वाले कारीगर और ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसको लेकर के लोगों को मिट्टी के दीपक खरीदने के लिए प्रोत्साहन करने की बात कही है।

खबरे खेल की..

इटली में चल रहे विश्व टेबल टेनिस फीडर कैग्लियारी-2024 टूर्नामेंट में भारत की यशस्विनी घोरपड़े और कृत्विका रॉय की जोड़ी ने महिला डबल्स का खिताब जीत लिया है। इस जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की जोडी को तीन-एक से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीँ, भारत के पहलवान चिराग ने अल्बानिया के तिराना में अंडर 23 कुश्ती विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। स्पर्धा में 70 किग्रा वर्ग में सुजीत और 97 किग्रा वर्ग में विक्की ने भी कांस्य पदक जीता।

समाचार संक्षेप में ...

1. जबलपुर में रेल प्रशासन द्वारा त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए 15 नवंबर तक बुधवार और शुक्रवार एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

2. नर्मदापुरम जिले में फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने पिपरिया में एक दुकान को सील कर डेढ़ क्विंटल विभिन्न मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट कराया ।

3. सिवनी जिले के पेंच टाईगर रिजर्व द्वारा वन्य प्राणियों के संरक्षण के साथ ही मानव-वन्य प्राणी द्वंद से बचाव के लिये स्थानीय ग्रामीणों को "बाघ चौपाल" के माध्यम से बाघ फिल्म दिखाकर जागरूक किया जा रहा है।

4. गोवर्धन पूजा के दिन 2 नवंबर को प्रदेश के हर जिले में विभिन्न गौ-शालाओं में गौ-संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।